हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 लगातार बारिश से कसही, मारीं व गहिरानवागांव का मुख्य...



13 स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाई गई गुरु ...





## खबर संक्षेप

### बिरेतरा का पंचायत भवन जर्जर, ग्रामीणों ने नए भवन की मांग उठाई



**बालोद/सिकोसा।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत बिरेतरा में स्थित पंचायत भवन जर्जर अवस्था में है। भवन की छत टपकती है, दीवारों में दरारें हैं और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इस कारण पंचायत के कामकाज में भी बाधा आ रही है और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से नवीन पंचायत भवन की स्वीकृति की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान भवन करीब 20 साल पुराना है और अब पूरी तरह से अनुपयोगी हो चुका है। बरसात के दिनों में यहां बैठकें तक नहीं हो पातीं। ग्रामवासियों ने बताया कि पंचायत भवन में गांव की योजनाओं की बैठक, राशन वितरण और अन्य सरकारी काम होते हैं। लेकिन जर्जर भवन के कारण कर्मचारियों और ग्रामीणों की जान को खतरा बना रहता है। सरपंच और पंचों ने कलेक्टर बालोद, जिला पंचायत सीईओ एवं स्थानीय विधायक से मांग की है कि जनहित को देखते हुए ग्राम पंचायत बिरेतरा के लिए भव्य, सुरक्षित और सुविधायुक्त नवीन पंचायत भवन की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए। सरपंच, पंचो एवं ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### सिकोसा क्षेत्र में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात

# मनहोरा नाले पर तेज बहाव से दुर्ग-बालोद मार्ग प्रभावित, राहगीरों की बढ़ी परेशानी





हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा



ग्राम पंचायत सिकोसा और आसपास के क्षेत्रें में लगातार तीन–चार दिनों से हो रही बारिश ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। क्षेत्र के नदी–नालों में जलस्तर बढ़ने से कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। विशेष रूप से दुर्ग बलोद मुख्य मार्ग पर सिकोसा के बाद मनहोरा नाला स्थित हिस्से में पानी का तेज बहाव लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सड़क पर पानी चढ़ने से वाहनों की रफ्तार थम गई है और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सुबह से लेकर देर शाम तक आवश्यक कार्यों के लिए निकलने वाले नागरिकों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई वाहन चालक जोखिम उठाकर रास्ता पार करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज बहाव के दौरान थोड़ी–सी चूक भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में लोग प्रशासन से संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के मौसम में यह समस्या नई नहीं है। हर वर्ष जलस्तर बढ़ते ही मुख्य मार्ग प्रभावित होता है, जिससे गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रें से अस्थायी रूप से बाधित हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी जल निकासी व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और आवश्यक संरचनात्मक सुधार किए जाएं तो इस प्रकार की स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है। स्थिति का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों की पढ़ाई, किसानों की खेती, व्यापारियों के कारोबार और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों की आय पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं तक समय पर पहुंचना भी कई परिवारों के लिए चुनौती बन गया है। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रें की पहले से पहचान कर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, वैकल्पिक मार्गोर् की जानकारी और राहत व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाना चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक जोखिम न उठाना पड़े।

क्षेत्र में बने हालात यह संकेत दे रहे हैं कि प्राकृतिक परिस्थितियों के साथ–साथ आधारभूत सुविधाओं की मजबूती पर भी निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है। नागरिकों का मानना है कि अस्थायी उपायों के बजाय दीर्घकालिक समाधान अपनाए जाने चाहिए, जिससे हर वर्ष बारिश के दौरान दोहराई जाने वाली इस समस्या से राहत मिल सके। शेष पेज 12 पर

## अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार, 18 पौवा शराब व नकदी जब्त



**डौण्डीलोहारा।** बालोद पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डौण्डीलोहारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध रूप से शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन सुपर-36 शराब तथा बिक्री की नकदी जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध मिशन नवचेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### पिंक पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने कोटप्पा के तहत की कार्रवाई

**भिलाई।** पिंक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने कोटपा एक्ट के तहत दस दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना भिलाई तीन, मोहन नगर, खुर्सीपार, नेवई क्षेत्रों में कुल 10 दुकानदारों के यहां टीम पहुंची थी। अभियान के तहत विद्यालयों के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को नाबालिगों छात्र-छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का बेचने प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों , विशेषकर बालिकाओं, नाबालिग को तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता रोकना, शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों का विक्रय पर नियंत्रण स्थापित करना है।

### मारपीट कर धमकी देने वाला बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** मारपीट कर धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाला मिनीमाता बम्लेश्वरी किराना दुकान के पास, गौतम नगर सुपेला निवासी राहुल यादव को गिरफ्तार किया गया है। राहुल आपने मोहल्ले के एक व्यक्ति को शराब के लिए रकम मांग रहा था। रकम नहीं देने पर राहुल ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अपने पास रखे धारदार हथियार को दिखाकर राहुल डरा धमका भी रहा था। इस दौरान बीच-बचाव करने आए रूपचंद रात्रे के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की। आरोपी के खिलाफ गुण्डा बदमाश होने के कारण बाउण्ड ओवर की कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया है।

### शिक्षकों के कर्तव्य प्रमाण पत्र व अर्जित अवकाश का आदेश निरस्त

**दुर्ग।** जिला जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सामूहिक कर्तव्य प्रमाण पत्र (ड्यूटी सर्टिफिकेट) जारी करने तथा अर्जित अवकाश प्रदान करने संबंधी पूर्व में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा सौंपे गए दायित्वों के सफल निर्वहन का उल्लेख करते हुए कार्यरत शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने एवं अर्जित अवकाश स्वीकृत करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके संदर्भ में जारी पूर्व आदेश को प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से निरस्त करते हुए स्पष्ट किया गया है कि इस विषय में शासन से आगामी दिशा-निर्देश प्राप्त होने के उपरांत ही आगे की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 4 अगस्त को

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 4 अगस्त को अपरान्ह 5 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य बैंकर्स, शासकीय विभाग के अधिकारी को प्रस्तावित एजेंडा अनुसार पूर्ण अद्यतन जानकारी सहित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### लगातार बारिश से फुलझर गांव जलमग्न





**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनी के आश्रित ग्राम फुलझर में लगातार दो तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया गांव के कई स्थानों पर लगभग तीन फीट तक जलभराव हो गया है, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है बाढ़ की आशंका को देखते हुए एहतियातन गांव के स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र को बंद करने का निर्णय लिया गया है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द राहत एवं बचाव व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रभावित क्षेत्रें का निरीक्षण कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रें में नहीं जाने तथा सतर्क रहने की अपील की है।

### बारिश : ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# लगातार बारिश से कसही, मार्री व गहिरा नवागांव का मुख्य मार्ग से संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। कसही(ट), मार्री और गहिरानवागांव जाने वाले मार्ग पर स्थित नालों की पुलिया के ऊपर दो से तीन फीट तक पानी बह रहा है। इससे तीनों गांव टापू जैसे हालात में पहुंच गए हैं और ग्रामीणों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कसही(ट), मार्री, गहिरानवागांव तथा संबलपुर नाले की पुलिया के ऊपर से लगातार पानी बहने के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हैं, जबकि तेज बहाव के चलते किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

उप सरपंच नरेंद्र सहारे ने बताया कि तहसील एवं विकासखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। पुलिया के ऊपर पानी होने से आवश्यक कार्यों के लिए भी आवागमन बाधित हो गया है। वहीं कसही ट के ग्रामीण रमेश सोनवानी ने बताया कि गांव तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को टटेंगा स्थित मिडिल एवं हाई स्कूल जाने के लिए भी इसी नाले को पार करना पड़ता है,



जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से नालों पर ऊंचे पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। लगातार बारिश के दौरान हर साल यही स्थिति निर्मित हो जाती है। इधर जेवरतला रोड से हरदी मार्ग की स्थिति भी अत्यंत खराब हो गई है।

सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कसही, मार्री, गहिरानवागांव, संबलपुर एवं झिटिया नाला सहित सभी प्रमुख नालों पर स्थायी पुल निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग प्रशासन से की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कार्य नहीं किए गए तो बरसात के दौरान हर वर्ष लोगों को इसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### सिकोसा क्षेत्र में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, खेतों में भरा पानी

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत सिकोसा और आस पास के क्षेत्रें में लगातार तीन–चार दिनों से हो रही बारिश ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। क्षेत्र के नदी–नाले उफान पर है जिसके कारण कई जगहो में आवागमन प्रभावित नजर आ रहा है। क्षेत्र के खेत खलिहान तालाब की तरह नजर आने लगे है। धान के पौधे पानी में डूब चुके है जिसके कारण जल्द पानी कम होने की कामना किसान करते दिख रहे है। जलभराव की समस्या से निदान के लिए स्थानीय नागरिकों ने स्थायी समाधान की आवश्यकता बताई।



# निकुम में कांग्रेस का 'स्मार्ट मीटर हटाओ' अभियान शुरू

### उपभोक्ताओं से भरवाए आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में चल रहे स्मार्ट मीटर हटाओ, सामान्य मीटर लगाओ जनअभियान को गुरुवार को ग्राम निकुम में नई गति मिली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने सामान्य मीटर लगाए जाने की मांग संबंधी आवेदन पत्र भरवाए गए तथा अभियान की शुरुआत की गई।

- अब घर-घर पहुंचेगी कांग्रेस, हर उपभोक्ता से भरवाए जाएंगे आवेदन
- एक्षिक है स्मार्ट मीटर, भाजपा ने जनता पर जबरदस्ती थोपा: राकेश ठाकुर

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर नाराजगी जताई और कांग्रेस के इस जनअभियान का समर्थन करते हुए आवेदन भरे। अब कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर प्रत्येक बिजली उपभोक्ता से आवेदन भरवाएंगे, जिन्हें एकत्रित कर सामूहिक रूप से विद्युत विभाग को सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह केवल आवेदन भरने का अभियान नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और राहत की लड़ाई है। भाजपा सरकार ने बिना जनता की सहमति के स्मार्ट मीटर थोप दिए, जिसका खामियाजा आज लाखों उपभोक्ता भारी-भरकम बिजली बिल के रूप में भुगत रहे हैं। स्मार्ट मीटर जनता के लिए सुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक बोझ बन चुके हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पुकेश चंद्राकर, टिकेश्वरी देशमुख, रिवेंद्र यादव, रूपेश देशमुख, जामवंत गजपाल, पिलेश्वर साहू, नंदकुमार सेन, राकेश हिरवानी, धर्मेंद्र बंजारे, अमृत राजपूत, पालेश्वर ठाकुर, जयप्रकाश साहू, हितेश कुमार निर्मलकर, गोविंदा निषाद, नरेश निषाद, लक्ष्य देशमुख, तुलसी राम साहू, रमेश कुमार देशमुख, तारक सिन्हा, रामलाल, मनीष कुमार बेलचंदन, एमराज साहू, ललित देशमुख, टेकराम ढीमर, देवनारायण, टीकू साहू, दिलीप कुमार साहू, कमलनारायण देशमुख, कीर्तिकान्त साहू, तुमेंद्र पटेल, चंद्रकुमार, रतन लाल, कुलेश्वर साहू, चंदू राम पटेल, डामन साहू, टाकेश्वर कुमार, सोनू कुमार, मेघराज यादव, बिशेश्वर साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू, दीपांशु यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### गब्दी स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण

**बालोद/निकुम।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम से शासकीय हायर सेकेंडरी गब्दी स्कूल में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य अनिता अरोरा ने कहा कि पेड़–पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी से अधिक पौधे लगाने और स्वच्छ व हरित वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की, इस अवसर पर सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर भाजपा पदाधिकारियों ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- सेवा पखवाड़ा के तहत हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर देशभर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती सेवा पखवाड़ा के रूप में विविध रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ मनाई जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा द्वारा नगर स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के बताए समता, सामाजिक समरसता, मानव सेवा, भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज में जाति-पांति के भेदभाव को समाप्त कर समानता और मानवता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जसराज शर्मा, पार्षद सुभद्रा टांडेकर, एल्डरमैन धीरेन्द्र टांक, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष उत्तम मालेकर, अनूप मालेकर, शुक्ला टांडेकर, लेखराज मालेकर, रमेश खरे, प्रदीप मालेकर, संदीप जगनायक, ललेश्वरी मालेकर, रेवती भांडेकर, लता मालेकर, उषा मालेकर, धनेश्वरी जगनायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों को आगे भी निरंतर आयोजित करने के संकल्प के साथ किया गया।

# रेंगाडबरी स्कूल में शिक्षक की कमी से छात्रों का भविष्य अधर में, एसएमसी अध्यक्ष ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी में पिछले लगभग दो माह से जीव विज्ञान विषय के शिक्षक का पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

विशेष रूप से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन से वंचित होना पड़ रहा है, जिससे उनकी बोर्ड परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष अंकुश कुमार कुंजाम ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में जीव विज्ञान शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लगातार बाधित हो रही है। समय पर विषय विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों में चिंता का माहौल है और अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई है कि विद्यार्थियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेंगाडबरी विद्यालय में तत्काल जीव विज्ञान विषय के नियमित अथवा वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की जाए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें और विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी का



अवसर मिल सके।एसएमसी अध्यक्ष अंकुश कुमार कुंजाम ने कहा कि यदि शीघ्र ही शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई तो विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान बढ़ता जाएगा, जिसका सीधा प्रभाव विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है। उन्होंने जिला शिक्षा विभाग से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भी शिक्षा विभाग से जल्द समाधान की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा है कि विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय में शिक्षक की अनुपलब्धता से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द शिक्षक की पदस्थापना कर विद्यार्थियों को राहत दिलाने की मांग की है।

## पेज 11 का शेष

### मनहोरा नाले पर ...

फिलहाल सिकोसा क्षेत्र में लोग मौसम पर नजर बनाए हुए हैं और सुरक्षित आवागमन की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, जोखिम वाले स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं तथा लोगों को समय–समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### अवैध शराब बेचते ...

27 जुलाई को थाना डौण्डीलोहारा पुलिस गश्त एवं अपराधियों की तलाश में निकली थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्रगति स्कूल के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी (24 वर्ष), निवासी अंबेडकर वार्ड, डौण्डीलोहारा को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 18 पौवा देशी प्लेन सुपर-36 शराब (180-180 मिलीलीटर) बरामद हुई, जिसकी कीमत 1,440 रुपये बताई गई। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 500 रुपये नकद भी जब्त किए गए। कुल 1,940 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त कर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील तिर्की, सहायक उपनिरीक्षक अनित राम यादव, आरक्षक कुमलाल वर्मा एवं आरक्षक विनोद कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डौण्डीलोहारा विकासखंड के 205 गांवों में लगाए गए 54 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को डौण्डीलोहारा विकासखंड के 120 ग्राम पंचायतों के 205 गांवों में महतारी वंदन योजना एवं वीबी जीरामजी हितग्राहियों की सहभागिता से वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पूरे विकासखंड में एक ही दिन में 53,938 पौधों का रोपण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम कामता में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं, वीबी जीरामजी की श्रमिक महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दिनभर रिमझिम बारिश होने के बावजूद महिलाओं और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवनाथ बघेल ने कहा कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए।जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायण बंजारा ने कहा कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लोगों की सक्रिय भागीदारी पर्यावरण के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने सभी से पौधों की नियमित देखभाल करने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। तहसीलदार हिंसा राम नायक ने ग्रामीणों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक भागीदारी से किसी भी जनहितकारी अभियान को सफल बनाया जा सकता है। वहीं वीबी जीरामजी के कार्यक्रम अधिकारी के.के. नायक एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनील कुमार साहू ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और उनका संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं ने पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाते हुए प्रत्येक नागरिक से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार हिंसा राम नायक, जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा, कार्यक्रम अधिकारी के.के. नायक, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनील कुमार साहू, एसबीएम समन्वयक कौशल ठाकुर, गौतम सिन्हा, सरपंच सुनीता तारम, नेतराम तारम, रोजगार सहायक ईश्वर देशमुख, खिलेंद्र सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्ररेखा सिन्हा, अनीता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निकुम में महिलाओं ने किया पौधारोपण



**अण्डा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ निकुम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल परिवार की महिलाओं ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में ज्ञानेश्वरी बाई, चन्द्र कुमारी, खिलेश्वरी, कुंती बाई देशमुख एवं मोतिम बाई सहित अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। उपस्थित सभी सदस्यों ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लोगों से अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संदेश दिया।

### गुण्डरदेही स्कूल में महतारी वंदन योजना के तहत हुआ वृहद पौधारोपण



**गुण्डरदेही/कलंगपुर।** महतारी वंदन योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में गुरुवार को वृहद रूप से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना बालोद डॉ लीना साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही विजय सोनकर, अध्यक्षा शाला विकास समिति ममता निषाद, उपाध्यक्ष शाला विकास समिति मोहित सिंन्हा, सदस्य सरिता कुर्रे, ईश्वरी देवांगन पूजा सोनकर, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही केएस कुल्हारे, प्राचार्य सेजेश त्रिनाभ मिश्रा, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी कोमल ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना संजय शुक्ला, वरिष्ठ व्याख्याता केके हिरवानी, प्रधान पाठिका गीतांजलि चंद्राकर, स्काउट गाइड प्रभारी किरण ठाकुर, रेडक्रास प्रभारी मिथलेश चंद्राकर, रीता चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस किरण देवांगन,विद्यालय के सभी कक्षा शिक्षक, व्याख्याता, कार्यालयीन कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे। सावन के शुभागमन और प्राकृतिक सौंदर्यता हरियाली हेतु पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर सुरक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष जैन ने विद्यालय के विकास और सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। विद्यालय परिवार गुण्डरदेही की ओर से प्राचार्य केएस कुल्हारे और त्रिनाभ मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट गठन की पहल स्वागतयोग्य : देवेंद्र जायसवाल



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र जायसवाल ने भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की पहल का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम बताया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में नक्सल समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर शांति और विकास का नया वातावरण बनाया है। सरकार द्वारा बस्तर को समृद्ध और विकसित बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की मांग की है। उन्होंने इस पहल को दूरदर्शी और सराहनीय बताते हुए कहा कि रक्षा मंत्री द्वारा इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन छत्तीसगढ़ के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बस्तर रेजिमेंट का गठन होने से क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इससे युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवाओं में साहस, अनुशासन और देशभक्ति की भावना प्रचुर मात्रा में है, जिसे सेना के माध्यम से देशहित में उपयोग करने का अवसर मिलेगा। देवेंद्र जायसवाल ने केंद्र और राज्य सरकार से बस्तर रेजिमेंट के गठन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की अपेक्षा जताते हुए कहा कि यह निर्णय बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय होगा।

### ओबीसी महासभा आज एसडीएम को सौंपेगी ज्ञापन

**गुरूर।** ओबीसी महासभा के प्रमुख राधेश्याम साहू के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय मासिक ज्ञापन कार्यक्रम के तहत 31 जुलाई को 12 बजे एसडीएम गुरूर को ओबीसी महासभा के विभिन्न मांग को लेकर ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस अवसर अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक जिला बालोद ओमप्रकाश साहू, ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, ओमप्रकाश साहू, वर्षा संजय साहू, राजेश साहू, संपत कलिहारी, मुरारी दास साहू विषेश रुप से उपस्थित रहेंगे।

### मासिक बैठक आज

**बालोद/अर्जुन्दा।** पेंशनर समाज तहसील शाखा अर्जुन्दा की मासिक बैठक 1 अगस्त शनिवार को संकुल केन्द्र भवन अर्जुन्दा में 12 बजे आयोजित की जायगी। इस बैठक में विभिन्न चर्चा की जायेगी। यह जानकारी उप सचिव केशव लाल साहू ने दी।

### 7 साल बाद मुकुंद धीमर को मिला आधार कार्ड

**दुर्ग।** सीएम हेल्पलाइन सीजी 1076 में दर्ज शिकायत के माध्यम से लगातार 7 वर्षों से आधार कार्ड बनवाने के लिए भटक रहे युवा मुकुंद धीमर को आधार कार्ड प्राप्त हो गया।

समक्ष :- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)
पुनीता बाई पिता ननकुराम जाति केवट, उम्र 55 वर्ष, साकिन- बगईकोन्हा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. - शपथकर्ती

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -
1. यह कि शपथकर्ती का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ती का वास्तविक नाम पुनीता बाई है, जिसका उल्लेख शपथकर्ती के आधार कार्ड, तथा मतदाता कार्ड में अंकित है जो कि सत्य व सही है। किन्तु त्रुटिवश शपथकर्ती के राजस्व अभिलेख ग्राम बगईकोन्हा, प.ह.न. 41, रा.नि.मं. सम्बलपुर, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. में फगनी बाई पिता ननकुराम दर्ज है अतएव उक्त राजस्व अभिलेख में नाम संसोधन कर पुनीता बाई पिता ननकुराम दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 29/07/2026 को शपथकर्ती द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि शपथकर्ती के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ती की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
पुनीता बाई

**सत्यापन**

मै शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर / पढ़ाकर / समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 29/07/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं।

सत्यापनकर्ती
पुनीता बाई

विद्यार्थियों ने गुरुजनों का तिलक कर श्रीफल भेंट किया, गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति का दिया संदेश

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नया बाजार राजहरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और भारतीय संस्कृति की गरिमा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी आत्मानंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संगीता साहू ने किया। उन्होंने गुरु के आध्यात्मिक स्वरूप और जीवन में उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव बनाए रखने का संदेश दिया। अंग्रेजी माध्यम की प्रभारी साक्षी साहू ने प्रेरक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम का महत्व समझाया। विद्यालय के प्राचार्य एम.के. गोरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि गुरु का सम्मान भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन ने गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी संदेश दिया। संगीता साहू, व्याख्याता कहती हैं कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। विद्यार्थियों में गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मिक जुड़ाव विकसित करना ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य है। प्रशांत कुंवर, व्याख्याता ने कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यार्थियों का सम्मान और विश्वास ही शिक्षक के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। विद्यार्थी प्रतिनिधि ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने शिक्षकों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय रहा। उनके मार्गदर्शन से ही हम अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

### श्री विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद में श्रद्धा साथ मनाया गुरुपूर्णिमा



**अण्डा।** बालोद जिले के ग्राम ओटेबंद स्थित प्रसिद्ध श्री विष्णु धाम मंदिर में गुरुवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।
मंदिर समिति ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।
गुरुपूर्णिमा के इस पावन अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में उत्साह, आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला।

### सशिमं अरमरीकला में गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का पूजन



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम अरमरीकला सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने गुरु पूर्णिमा मनाई गई। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अरमरीकला के भैया, बहनों के द्वारा गुरुजनों का पूजा आरती करके स्वागत कर बच्चों ने गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर संयोजक नरेश कुमार साहू ने कहा जीवन में गुरु की महिमा अपार होती है, जीवन के हर मार्ग में गुरु की आवश्यकता होती है और गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है, उन्होंने कहा प्रथम गुरु हमारे माता पिता होते हैं और जीवन को आगे बढ़ाने और सफल बनाने में शिक्षक अर्थात गुरु ही हमारा मार्ग दर्शक होते है। गुरु पूर्णिमा उत्सव के इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष साहू, वरिष्ठ आचार्य भूजेंद्र साहू, वरिष्ठ आचार्य सविता मारकंडे एवं आचार्यगण संहित विद्यालय के सभी भैया, बहनों की उपस्थिति रही।

### गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरूर में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यालय के भैया बहनो द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जीवन में गुरु की महता पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य दीदियों द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया गया, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू द्वारा गुरु पूर्णिमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



### मानव कल्याण आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर अभ्युदय ज्ञान महोत्सव आयोजित



**गुण्डरदेही।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मितानिन बहने एवं महिला संगठन के द्वारा अभ्युदय ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रारंभ में साध्वी मणि प्रभा साहेब संत साध्वी मंडलियों के साथ भजन सत्संग किया।

आश्रम के संस्थापक गुरु प्रसाद मानववादी ने बताया कि जितने भी मत परंपरा प्रकल्प बने हैं सब मानव कल्याण के लिए हैं, जिसमें त्याग का महत्व सर्वोपरि है। जिसके कारण ही मनुष्य परोपकार करता है, त्यागी संत सन्यासी ही गुरु के रूप में मार्गदर्शन करते हैं।

शमशाद बेगम ने कहा कि प्रथम गुरु तो मां ही होती है, जिनका कभी ऋण चुकाया नहीं जा सकता। साहित्यकार केशव राम साहू ने कहा कि जिससे हम प्रेरणा प्राप्त करते हैं जिनके लिए दिल में स्वतः ही श्रद्धा जागृत हो जाती है, ऐसे प्रेरणादायकों को नमन करना ही गुरु पर्व की सार्थकता है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष द्रौपदी चंद्राकर, सचिव सावित्री साहू, कोषाध्यक्ष गीता देवी कुर्रे, बबली देवांगन, सरिता निषाद, कौशल्या साहू, सुरेखा बांधे, हंस लता साहू, आशा सिन्हा, तामेश्वरी साहू, विद्या देवांगन, संतोषी निषाद प्रेमा साहू के साथ सत्संग प्रेमी धीराज सिंह साहू, प्रभु राम गैंगबर, हीरालाल साहू, खुमान सिंह, चमरू राम, लाल सिंह, हेमंत साहू, भीखम, संजय देशलहरा, रेवाराम उपस्थित थे।

## कैशलेस चिकित्सा योजना से कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत : शिक्षक फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने राज्य सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की दिशा में की जा रही पहल का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि योजना लागू होने के बाद शासकीय सेवकों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को सामान्य एवं गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने बताया कि राज्य के शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। साथ ही राज्य के पेंशनरों एवं अन्य पात्र हितग्राहियों को भी केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की पैकेज दरों के अनुरूप कैशलेस चिकित्सा सुविधा



उपलब्ध कराने का प्रस्ताव राज्य शासन को दिया गया है। जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना लागू होने के बाद कर्मचारियों को ई-कार्ड जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों में बिना अग्रिम राशि जमा किए कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में रेफर की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है, जिससे कर्मचारी सीधे अस्पताल में उपचार करा सकेंगे। फेडरेशन के अनुसार अब उपचार का पूरा भुगतान राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) के माध्यम से सीधे अस्पतालों को किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को इलाज के बाद प्रतिपूर्ति के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। राजेश चटर्जी ने बताया कि योजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी तथा राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई (एनएएफयू) के माध्यम से मेडिकल दावों की जांच का प्रावधान भी किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने इस योजना को कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शोध के लिए अतिथि व्याख्याता को पीएचडी उपाधि

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत अतिथि व्याख्याता हलेश कुमार लिल्हारे को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।



उनका शोध विषय छत्तीसगढ़ राज्य में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के क्रियान्वयन एवं प्रमुख चुनौतियों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन/" रहा। शोध कार्य का निर्देशन डॉ. अंजना ठाकुर ने किया। मौखिक परीक्षा के दौरान बाह्य परीक्षक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने शोध की मौलिकता एवं व्यावहारिक उपयोगिता की सराहना की। मौखिक परीक्षा में यह तथ्य विशेष रूप से उभरकर सामने आया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में शासकीय सेवकों की व्यवहारगत प्रवृत्ति एक प्रमुख चुनौती है। इस चुनौती के समाधान के लिए शासकीय सेवकों में सकारात्मक कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता तथा नियमित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिनियम के उद्देश्यों की प्रभावी एवं जनहितकारी पूर्ति सुनिश्चित हो सके। पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर महाविद्यालय परिवार, सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# सरपंचों के सहयोग से ही गांवों का होगा समग्र विकास : कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला प्रशासन ने हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा, गुणवत्ता, जल संरक्षण और पौधरोपण पर दिया जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला प्रशासन सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगीं। सरपंचों की बैठक लेकर ग्राम पंचायत एवं जिले के सवांर्गीण विकास में सहभागी बनने की अपील की गई। गांव एवं ग्राम पंचायतों के विकास हेतु सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि हमारे सरपंचगण अपने ग्राम पंचायत के प्रथम नागरिक एवं चुने हुए जनप्रतिनिधि होने के कारण सभी के लिए सम्मानीय है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन ग्राम एवं ग्राम पंचायत के विकास के लिए सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सरपंचों की बैठक लेकर अपने गांव, ग्राम पंचायत एवं जिले के सवांर्गीण विकास में सहभागी बनने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने गांव एवं ग्राम पंचायत की विकास हेतु सदैव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायतों के सरपंचगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि गांव के विकास से ही हमारे जिले तथा प्रदेश एवं देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि हमारे सरपंचगण गांव के विकास को अमलीजामा पहनाने वाले महत्वपूर्ण धुरी है। इसके लिए उनके कार्य एवं दायित्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने कहा कि गांव एवं ग्राम पंचायतों के विकास हेतु सरपंचों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी सरपंचों को पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करते हुए अपने ग्राम पंचायत के विकास में नए प्रतिमान स्थापित करने को कहा। दिव्या उमेश मिश्रा ने विकास कायोंर् में गुणवत्ता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी सरपंचों को प्रत्येक कायोंर् में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहयोग करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले के डीएमफ प्रभावित कुल 186 गांवों में विकास कायोंर् को पूरा करने हेतु ग्राम वासियों की सहमति से विलेज एक्शन प्लान बनाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विलेज एक्शन प्लान आप लोगों की सहमति से ही तैयार की गई है। इसके आधार पर संबंधित ग्रामों में विकास कायोंर् को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने वीबी जीरामजी योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाने की भी जानकारी दी।

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने सभी सरपंचों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्य के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे वृहद पौधरोपण अभियान तथा जल संरक्षणों के अंतर्गत किसानों को रबी सीजन में धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन प्रेरित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी सरपंचों को पशुधन की सुरक्षा के उपाय एवं सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों की समस्या के निराकरण हेतु भी ठोस कार्य करने की अपील की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि जिला प्रशासन हर संभव मदद उलपब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर उन्होंने वीबी–जी रामजी योजना के नये प्रावधानों के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने भी अपना आवश्यक सुझाव दिया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्मृति में सहगांव स्कूल को रैक एवं ग्रीन बोर्ड भेंट




**डौण्डीलोहारा।** स्व. लक्ष्मण सिंह चुरेन्द्र की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, नूतन लाल चुरेन्द्र एवं परिवारजनों द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सहगांव को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए रैक एवं ग्रीन बोर्ड दान स्वरूप प्रदान किया गया। शाला परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए चुरेन्द्र परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया दान समाज के लिए प्रेरणादायी होता है और इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है।शाला प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार ने चुरेन्द्र परिवार की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह चुरेन्द्र की पुण्य आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर के.एल. चुरेन्द्र, नीलिमा राम, प्रीति चौहान, होमलाल पटेल, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, साधना देशमुख, दिलीप कुमार मेश्राम तथा भागवत तारम सहित विद्यालय परिवार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाबा दरबार धनोरा में कल स्व. परमानंद कठोलिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम, धनोरा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्गीय परमानंद कठोलिया की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन 2 अगस्त (रविवार) को किया जाएगा। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे स्व. परमानंद कठोलिया के छायाचित्र पर पूजन, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया जाएगा। इसके बाद आमंत्रित लोक कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्म ममता चंद्राकर एवं फिल्म निर्देशक प्रेम चंद्राकर शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में दुष्यंत हरमुख, लोकगायिका रिंकी देवांगन, स्वर कोकिला कविता वासनिक, हिमानी वासनिक, कनक साहू, बाल लोकगायिका तृषा साहू, लोकगायिका टोमन वर्मा, जस-जगराता गायक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इनमें जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति जितेन्द्र टंडन, उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच रुलेश्वरी चंद्रशेखर बंजारे, उपसरपंच संगीता सपरे, ग्रामीण पटेल चैतूराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे से लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 5 बजे से हिमानी वासनिक अपनी टीम के साथ भरथरी गायन प्रस्तुत करेंगी। वहीं रात्रि 8 बजे से भाई गुलाब साहू एवं उनकी राधा-कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली द्वारा आकर्षक धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की जानकारी दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने देते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

## आयोजन

**कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिलेवासियों का योगदान अतुलनीय**

# बालोद में महतारी वंदन पौधारोपण अभियान बना जनआंदोलन, पर्यावरण पार्क में रोपे पौधे








**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा**

वृहद पौधारोपण अभियान के तहत गुरुवार को जिला मुख्याद के पर्यावरण पार्क में महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में बालोद जिलेवासियों का योगदान अतुलनीय है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि माताओं-बहनों के सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प भी है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं आशीष पेंद्रो सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों, मितानिनों और नागरिकों ने पौधारोपण किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष जिले में लगाए गए 1 लाख 74 हजार पौधों में अधिकांश आज भी जीवित हैं, जो सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी नागरिकों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, वन विभाग, सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया तथा सावन माह की शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के नेतृत्व में संचालित अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बालोदवासी लगाए गए पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करेंगे। अंत में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जनपद अध्यक्ष ने पत्नी के साथ किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक–पेड़–मां के नाम अभियान के तहत गुण्डरदेही जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को अपने घर के आंगन व अन्य जगहो पर छायादार व फलदार पौधा लगाए गए। उन्होने कहा कि आस पास हरियाली लाने को अपनी ज़िम्मेदारी समझते हुए पौधारोपण किया साथ ही लोगो को अपने आस पास खाली जगहो पे पौधारोपण करने अपील भी की।

**जिले में 2.50 लाख से अधिक पौधों का वृहद पौधारोपण, सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने जल बचाने का दिया संदेश**

# ‘मोर गांव, मोर पानी’ अभियान से जल संरक्षण और हरियाली को मिल रहा जनसहयोग

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने पौधारोपण के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि भावी पीढ़ियों एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 'मोर गाँव, मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत जिला बालोद में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए 2.50 लाख से अधिक पौधों का वृहद पौधारोपणकिया जा रहा है।

विश्वभर में गहराते जल संकट को ध्यान में रखते हुए, विशेषज्ञों और पर्यावरण प्रेमियों ने जल संरक्षण को एक सामूहिक जन–आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। पानी की हर एक बूंद का बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग न केवल हमारी वर्तमान जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखता है। जल संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और जलवायु परिवर्तन के कारण नदियों, तालाबों और भूजल के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में समय रहते जल संरक्षण के प्रभावी उपाय अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं, विकसित भारत जी राम जी के श्रमिक, ग्रामों के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पंच–सरपंचों, स्व–सहायता समूहों, महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि जन–जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है। जल ही जीवन है, यह केवल एक पंक्ति नहीं बल्कि हमारे अस्तित्व का मूल आधार है। जब तक हर नागरिक जल बचत को अपने दैनिक व्यवहार में शामिल नहीं करेगा, तब तक जल संकट का स्थाई समाधान संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण, गैर–सरकारी संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों से अपील की जा रही है कि वे अपने–अपने स्तर पर जल संरक्षण जागरूकता अभियानों और पौधारोपणकार्यक्रमों का आयोजन करें। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि लगाए गए पौधों की नियमित एवं संरक्षण सुनिश्चित करें, ताकि 'मोर गाँव मोर पानी' महाअभियान के माध्यम से बालोद जिला पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में एक आदर्श उदाहरण बन सके।

### तवेरा सेवा सहकारी समिति में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** सेवा सहकारी समिति तवेरा में एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरुवार को आम, नीम, आवला, करन, पाम एवं फुल के पौधे लगाए गए। जिसमें सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी तेजराम साहू, सरपंच तवेरा शैलेन्द्र निषाद एवं सहायक प्रबंधक प्रदीप ठाकुर, कम्प्यूटर आपरेटर निरज निषाद, दैनिक कर्मचारी भुपेन्द्र बारले, लिकेश साहू, तीरथ पटेल आदि शामिल रहे साथ ही सभी ने पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

# गुण्डरदेही के 159 गांवों में एक साथ हुआ वृहद पौधारोपण, 42,362 महिलाओं ने निभाई भागीदारी



**गुण्डरदेही/सिकोसा।** मोर गांव मोर पानी महाअभियान तथा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कैच द रैन के एकीकृत प्रयास के अंतर्गत 30 जुलाई को गुण्डरदेही के 117 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सभी 159 गांवों में एक साथ वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पौधारोपण अभियान जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस पूरे आयोजन की सबसे बड़ी खासियत ग्रामीण महिलाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन वी बी–जी राम जी से जुड़ी 42362 महिला श्रमिकों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और आत्मीयता के साथ इस पौधारोपण अभियान में भाग लिया। महिलाओं ने न केवल गड्ढे खोदकर पौधे रोपे, बल्कि यह संकल्प भी लिया कि वे इन पौधों को पेड़ बनने तक सुरक्षित रखेंगी और उनकी नियमित देखभाल करेंगी। तेजी से बदलते मौसम और घटते जलस्तर को देखते हुए पौधों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। मोर गांव मोर पानी अभियान का मूल उद्देश्य गांव के पानी को गांव में ही रोकना और पौधरोपण के माध्यम से भू–जल स्तर को रिचार्ज करना है।

इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तहत छायादार, फलदार और औषधीय गुणों वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यह पहल भविष्य में न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखेगी, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छ हवा, छाया और आजीविका के नए साधन भी प्रदान करेगी। अभियान के दौरान प्रशासन और ग्रामीणों के बीच एक बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। अधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन केवल रोजगार देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह गांवों को स्वावलंबी, हरा–भरा और सुंदर बनाने का एक सशक्त जरिया है।

जब गांव की महिलाएं आगे आकर ऐसे अभियानों की कमान संभालती हैं, तो सफलता निश्चित हो जाती है। आज आयोजित इस महाअभियान से पूरे गुण्डरदेही क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। हर गांव में हरियाली और जल संरक्षण का संदेश गूंज उठा। जिला प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी महिला श्रमिकों, सरपंचों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में लगा पौधा




**डौण्डीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण तथा अपनी माँ के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, डौण्डीलोहारा में ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य सरोज पटेल एवं दिनेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। संस्था प्रमुख (प्राचार्य) डी.आर. देवहरे ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और अपनी माँ के प्रति सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव को भी सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण क्लब के प्रभारी जोबीन मैथ्यू के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

### महतारी वंदन हितग्राहियों ने लिया भाग



**डौड़ीलोहारा।** बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत देवरी परियोजना के सेक्टर देवरी अंतर्गत ग्राम देवरीबंगला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में महतारी वंदन योजना की हितग्राही पुष्पा देवांगन के आंगन में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य टीकम बरसन निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अभियान के तहत पूरे बालोद जिले में लगभग 2.50लाख महतारी वंदन हितग्राहियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने वृक्षारोपण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाने से जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में सहायता मिलेगी। साथ ही बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में भी वृक्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देवरीबंगला में आयोजित कार्यक्रम में देवरी परियोजना अधिकारी अर्पणा श्रीवास्तव, देवरी पर्यवेक्षक साधना श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत की पंच रजनी चौहान एवं गीता देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तामेश्वरी देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीबंगला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में लगभग 500 महतारी वंदन हितग्राहियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### डौंडी में वन महोत्सव के तहत 31 पौधों का रोपण, संरक्षण पर दिया गया जोर



**डौंडी।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस महाअभियान में आम नागरिकों को भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने का आह्वान किया। जिला भाजपा के उपकोषाध्यक्ष मनीष झा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना और उनकी नियमित देखभाल करना भी आवश्यक है। तभी पौधारोपण अभियान का उद्देश्य सफल होगा।

### बघमरा में किया पौधारोपण

**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को नगर पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत वार्ड 2 बघमरा के तालाब पार में पौधा लगाकर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान पौधारोपण मे पार्षद हरीश निषाद, ईश्वरी निषाद, दीपक साहू, कुणाल बरहरे एवं महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाए उपस्थित रहे।



### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 3 को

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 03 अगस्त को दोपहर 01 बजे आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ... मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**‘एक पेड़ महतारी के नाम’ अभियान के तहत 77 ग्राम पंचायतों और 120 आश्रित गांवों में लगाए गए पौधे**

# गुरूर विकासखंड में 34,394 महिला हितग्राहियों ने लगाए पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर**



विकासखंड गुरूर में विकसित भारत जीरामजी, बिहान, एसबीएम के कुल सक्रिय 34394 महिला हितग्राहियों द्वारा वृहत पौधारोपण किया।

विकासखंड गुरूर के 77 ग्राम पंचायत में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 अंतर्गत पंजीकृत सक्रिय 34394 महिला श्रमिको ने जिला बालोद कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में घर–घर, पारा–मोहल्ला में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में विकासखंड गुरूर के 77 ग्राम पंचायत 120 आश्रित ग्राम में 34394 पौधे रोपित किये। साथ ही ग्राम पंचायत चिटौद में जनपद गुरूर के अध्यक्ष सुनीता संजय साहू की अध्यक्षता में पौधारोपण किया। जनपद कार्यालय से पौधे प्राप्त कर प्रत्येंक महिला मजदूर को वितरण की कार्यवाही कर रहे है जिसे महिलाओं के द्वारा अपने घर, खेत, बाडियों, एवं उपयुक्त स्थल पर लगायें जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जागरूकता रैली, संगठन बैठक लेकर ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया है। इस अभियान का नाम एक पेड महतारी के नाम नाम दिया गया है। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामकुमार सोनकर, सीईओ गुरूर पन्नालाल धुरवे, कार्यक्रम अधिकारी विकसित भारत जीरामजी योगेश कुमार देवांगन, अति. सीईओ एनके. बागडे, आरएल. सिरमौर, जनपद सदस्य संतोषी साहू, लता लक्ष्मीचंद साहू, हेमंत कुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरूर टुकेश्वर पांडेय अन्य जनप्रतिनिधी संजय साहू, लक्ष्मीचंद, राकेश कुमार सिंहा, सरपंच ग्राम चिटौद तीरथ यादव, पंचायत सचिव मनोज कुमार, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनबार्डी कार्यकर्ता वन विभाग उपस्थित रहे है एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के सभी का आभार व्यक्त किये।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411